# अटल पेंशन योजना में झारखंड के 16 ज़िलों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## चर्चा में क्यों?

8 फरवरी, 2022 को केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में बेहतर कार्य करने वाले झारखंड के 16 ज़िलों के एलडीएम को पेंशन निधि विनियामक, विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) और एसएलबीसी के सहयोग से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित आउटरीच कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- पीएफआरडीए द्वारा झारखंड राज्य को वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये 1,95,220 नामांकन का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध उपलब्धि 2,18,516 रही, जो कि लक्ष्य का 112 प्रतिशत है।
- इसके अलावा छह बैंकों- एसबीआई (198 प्रतिशत), बीओआई (147 प्रतिशत), झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक (121 प्रतिशत), बैंक ऑफ बड़ौदा (108 प्रतिशत), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (104 प्रतिशत) एवं साउथ इंडियन बैंक (140 प्रतिशत) को भी एपीवाई के तहत नामांकन में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि अटल पेंशन योजना मई 2015 में सभी भारतीयों, विशेष रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये एक सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।
- इसमें 18-40 वर्ष के बीच की आयु वाला भारत का कोई भी नागरिक शामिल हो सकता है। यह योजना 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर 1000 रुपए से 5000 रुपए तक की न्यूनतम गारंटीड पेंशन प्रदान करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/excellent-performance-of-16-districts-of-jharkhand-in-atal-pension-yojana